# बच्चों की समयबद्ध स्वास्थ्य की कराई जाए जांच:डीएम

## जिलाधिकारी ने जिला पोषण समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने जिला पोषण समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जनपद में संचालित पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि जनपद में वर्तमान में 151 अति कुपोषित एवं कुपोषित श्रेणी के 11 से 30 बच्चे चिन्हित हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी बच्चों की समयबद्ध स्वास्थ्य जांच कराई जाए तथा उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को नियमित रूप से पुष्टाहार का वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा जो बच्चे अत्यधिक कमजोर हैं, उन्हें आवश्यकता अनुसार एनआरसी



(न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर) में भर्ती कराया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों के चिन्हांकन, उपचार एवं पोषण संबंधी कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण को प्राथमिकता दें। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की भी समीक्षा की तथा योजना में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जून माह तक योजना के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को योजना का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति सभी संबंधित विभाग संवे. दनशील एवं सतर्क रहें तथा शासन की मंशानुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी नागेंद्र मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा चेयरमैन मुंतजिर को मिली जान से मारने की धमकी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** नगर पंचायत के भाजपा चेयरमैन मुंतजिर को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए दी गई, जिसके बाद खेकड़ा थाने में मामला दर्ज किया गया है।


(हकीकत भैया) नामक एक व्यक्ति पर यह धमकी देने का आरा. ेप है। धमकी भरे पोस्ट में (मातम मनाने और मौसम बदलने) जैसी बातें लिखी गई थीं। चेयरमैन मुंतजिर का आरोप है कि आरोपी उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा है। चेयरमैन मुंतजिर ने बताया कि जब से वह अध्यक्ष बने हैं, तभी से (हकीकत भैया) नाम का सोशल मीडिया अकाउंट चलाने वाला व्यक्ति उन्हें लगातार धमकियां दे रहा है। मामला तब और बढ़ गया जब आरोपी अपने एक साथी के साथ चेयरमैन के आवास पर पहुंचा और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद हाजी मुंतजिर ने खेकड़ा कोतवाली में हकीकत भैया और उसके साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। चेयरमैन मुंतजिर ने आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है और अपनी जान-माल को खतरा बताया है। उनका कहना है कि यह राजनीतिक साजिश के तहत किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## किसान ने लगाया पुलिस पर कार्रवाई में देरी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के डोला गांव में एक किसान की आठ बीघा गन्ने की फसल में आग लगा दी गई। पीड़ित किसान सतपाल ने इस घटना के लिए गांव के कुछ लोगों को जिम्मेदार ठहराया है और पुलिस पर कार्रवाई में देरी का आरोप लगाया है।

किसान सतपाल के अनुसार, गांव के तीन से चार व्यक्तियों से उनकी पुरानी रंजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन्हीं लोगों ने उनकी फसल को नुकसान पहुंचाया है। आग लगने से उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। सतपाल ने बताया कि जब वे मौके पर पहुंचे, तो वही तीन-चार व्यक्ति वहां मौजूद थे। आरोपियों ने उन्हें शिकायत करने पर धमकी भी दी। अब वे कथित तौर पर उन पर समझौते का दबाव बना रहे हैं,



जिससे किसान को परेशानी हो रही है। पीड़ित किसान का आरोप है कि उन्होंने इस घटना की शिकायत स्थानीय थाना पुलिस और चौकी पुलिस से की थी। हालांकि, पुलिस ने इस मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। सतपाल ने प्रशासन से फसल को नुकसान पहुंचाने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने अपनी फसल के नुकसान के लिए आर्थिक सहायता भी मांगी है।

## विकास भवन में आयोजित किसान दिवस में किसानों ने उठाई विभिन्न समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस में भाकियू के पदाधिकारियों और किसानों ने खाद, गन्ना बकाया भुगतान, बिजली की समस्या उठाई। उन्होंने अधिकारियों से समस्या का जल्द समाधान कराने की मांग की।

किसान दिवस में भाकियू एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा ने कहा कि अधिकारियों ने कुछ सोसाइटी को सस्पेंड कर दिया है, जिसके कारण किसानों को खाद और डाई के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बड़ौत क्षेत्र में ट्रांसफार्मर फुंके पड़े है जिससे फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। बार-बार मांग करने के बाद भी ट्रांसफार्मरों को बदला नहीं जा रहा है। इसके अलावा भाकियू के कार्यकर्ताओं ने निराश्रित गोवंशों की समस्या का समाधान कराने की भी मांग उठाई।



उनका कहना था कि निराश्रित गोवंश किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे है। किसान फसलों को बचाने के लिए दिन-रात पहरा देने के लिए विवश है। बैठक में किसानों ने गन्ना बकाया भुगतान का भी मुद्दा उठाया। सीडीओ अनिल कुमार ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों को किसानों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कृषि अधिकारी बालगोविन्द ने किसानों को सरकार कृषि योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से आधुनिक खेती के तरीकों को




अपनाने, नियमित रूप से मृदा परीक्षण कराने और कृषि विभाग की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

### भाकियू कार्यकर्ताओं ने डीएम को दी बधाई

वही,बागपत जिलाधिकारी अस्मिता लाल को भारत के 100 कर्मठ धरातल पर काम करने वाले जिला. धिकारियों की सूची में शामिल होने पर भारतीय किसान यूनियन मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर प्रदीप धामा, चौधरी इंद्रपाल सिंह, विजयपाल चौधरी, कालूराम, उपेंद्र तोमर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कस्बे में एक निजी अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें चोर महज 20 सेकंड में बाइक लेकर फरार होता दिख रहा है। पीड़ित अमरपाल सिंह बिजरोल ने बताया कि वे दवाई लेने अस्पताल गए थे।

सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक व्यक्ति पहले बाइक के पास आता है और आसपास के लोगों पर नजर रखता है। कुछ ही देर में वह बाइक में चाबी लगाकर उसे स्टार्ट करता है और फरार हो जाता है। जब पीड़ित अमरपाल सिंह दवाई लेकर लौटे, तो उन्हें अपनी बाइक वहां नहीं मिली। अमरपाल सिंह ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और सीसीटीवी फुटेज भी सौंप दी। उन्होंने चोर की गिरफ्तारी और अपनी बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है। बड़ौत कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और चोर की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधिका. रियों का कहना है कि जल्द ही इस मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पुलिस और शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक बदमाश नईम को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। नईम पुलिस टीम पर फायरिंग कर फरार हुआ था। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह घटना खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव नहर पटरी पर हुई। पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने बदमाश को घेरा। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। उसकी पहचान नईम पुत्र अख्तर के रूप में हुई



है। पुलिस के अनुसार, नईम पर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 10 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से एक मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। खेकड़ा कोतवाली प्रभारी प्रभाकर केन्तुरा ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान बदमाश को गिरफ्तार किया गया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## मेडिकल स्टोर संचालकों ने दुकानें रखी बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** मेडिकल स्टोर संचालकों नें आनलाइन दवाईओं की बिक्री के विरोध मे सुबह आठ बजें से 12 बजें तक दुकानें बंद कर हड़ताल में शामिल हो विरोध जताया स्टोर संच. ालक डब्बू पत्रावल में कहा कि वह आनलाइन बिक्री के चलते मेडिकल स्टोर संचालक घाटे की और बढ रहे है।

देश भर में मेडिकल स्टोर संचाल. कों नें आनलाइन दवाईओं की बिक्री के विरोध में बुधवार मेडिकल स्टोर बंद रखने का आहवान किया था, जिसके चलते रटौल में सुबह आठ बजें से 12 बजें तक मेडिकल स्टोर बंद कर हड़ताल में मेडिकल स्टोर संचालक शामिल हुए बाद में आल इंडिया आर्गनाइजेशन आफ केमिस्टस एण्ड् ड्रगिस्टस के दुकानें खोलने के आदेश के बाद 12 बजें के बाद दुकानें खोली गयी। रटौल केमिस्ट्र एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डब्बू पत्रावल नें कहा कि देश में लगातार आनलाइन दवाईओं की बिक्री बढ़ती जा रही है जिससे मेडिकल स्टोर संचालकों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि आन लाइन दवा प्लेटफार्म बिना उचित निगरानी और नियमों के



काम कर रहा है। दुकानें बंद करने में गणेश, दानिश, अवेश, साकिर, फैजान, वाहिद आदि नें सहयोग किया।

## सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी के दिमाग में कमी:शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में ब्राह्मण महासभा समिति जिलाध्यक्ष महेंद्र दत्त शर्मा ने जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम शर्मा दरा. ेगा के प्रतिष्ठान राधे अरविंद देरी पर प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी के दिमाग में लगता है कुछ कमी आ गई है कभी ब्राह्मणों पर टिप्पणी करते हैं कभी गुर्जरों पर टिप्पणी करते हैं कभी जाटों पर टिप्पणी करते हैं लगता है उनके दिमाग में कुछ कमी आ गई है उन्हें अपने दिमाग का इलाज करना चाहिए।

जिलाध्यक्ष महेंद्र दत्त शर्मा ने घोर शब्दों में राजकुमार भाटी निंदा करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी को भी उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा देना चाहिए, मगर समाजवादी पार्टी उन्हें अपने गोद में बैठकर उनसे उलट पलट बयान जारी करवा रही है, यह एक सोची समझी रणनीति के तहत समाजवादी पार्टी की भी साजिश है। उन्होंने समा. जवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से राजकुमार भाटी को पार्टी सेबाहर करने का आवाहन किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम शर्मा दरोगा ने कहा कि समाजवादी पार्टी को उसका परिणाम चुनाव में भुगतना पड़ेगा, अगर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने सर झुकाकर माफी नहीं मांगी तो उनके खिलाफ ब्राह्मण समाज के लोग सड़कों पर उतरकर उनका विरोध करते रहेंगे। इस दौरान पूर्व प्रधान सादिकपुर सिनोली कृष्ण दत्त शर्मा ने कहा कि आर राजकुमार भाटी आप अपना दिमाग ठंडा कर लो लगता है तुम्हारे दिमाग में कुछ



गड़बड़ी आ गई है तुम कभी किसी पर टिप्पणी करते हो कभी किसी पर टिप्पणी करते हो कृपा आप अपने दिमाग का इलाज करा लो यह अभद्र भाषा तुम्हें शोभा नहीं देती आज ब्राह्मण महासभा समिति जिलाध्यक्ष महेंद्र दत्त शर्मा नगर की राधे अरविंद देरी पर मीडिया से रूबरू होते हुए सपा प्रवक्ता राज. कुमार भाटी की घोर निंदा के कर रहे थे।

## नलकूपों से हजारों का सामान चोरी, किसानों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र में बसी गांव के पास जंगल में स्थित किसानों के नलकूपों से हजारों रुपये का सामान चोरी हो गया। देर रात अज्ञात चोरों ने केबल, स्टार्टर और अन्य उपकरण चुरा लिए। घटना की जानकारी सुबह किसानों को हुई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया।

यह चोरी रमेश पुत्र महेंद्र, मथन पुत्र लखीराम और सतपाल पुत्र मांगे के नलकूपों पर हुई। चोरों ने नलक. ूपों को निशाना बनाते हुए वहां से केबल, स्टार्टर और अन्य आवश्यक उपकरण चुरा लिए। किसान जब सुबह अपने खेतों पर पहुंचे, तब उन्हें चोरी का पता चला। सूचना मिलते ही खेकड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में नलकूपों से चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने और जल्द कार्रवाई की मांग की है। खेकड़ा थाना प्रभारी प्रभाकर कें‌तुरा ने बताया कि चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा गया था। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## राजकुमार भाटी के खिलाफ सर्व समाज का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी की कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को देर शाम सर्व समाज के लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने ब्राह्मण समाज के प्रति अपमानजनक शब्दों और जाट-गुर्जर समाज की माताओं-बहनों पर की गई आपत्ति. जनक टिप्पणी को लेकर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया और आरोपित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। गांधी प्याऊ, खेकड़ा पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। यहां से थाना खेकड़ा तक शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकाला गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबा. जी करते हुए प्रशासन से तुरंत मुक. दमा दर्ज करने और कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में हाथों में तख्ती लेकर ब्राह्मण समाज, जाट समाज, गुर्जर समाज सहित विभिन्न संगठनों के लोग शामिल रहे।

सर्व खाप चौधरी 360 ब्राह्मण समाज के पंडित नरेश शर्मा ने कहा कि किसी भी समाज, माताओं-बहनों या धार्मिक भावनाओं के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करना बेहद निंदनीय है। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से राज. कुमार भाटी को पार्टी से निकालने की मांग की, चेतावनी दी कि ऐसा न होने पर वे चुप नहीं बैठेंगे। ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित जयकिशन शर्मा ने कहा कि समाज विशेष को अपमानित करने वाले बयान सामा. जिक ताने-बाने को कमजोर करते हैं। वहीं, जाट महासभा युवा जिला अध्यक्ष रोहित चौधरी ने टिप्पणी को पूरे समाज का अपमान बताया और सर्व समाज के एकजुट होकर विरोध करने की बात कही। प्रदर्शन के बाद लोगों ने थाना खेकड़ा पहुंचकर थाना प्रभारी प्रभाकर कें‌तुरा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। थाना प्रभारी ने बताया कि ज्ञापन प्राप्त कर लिया गया है और कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जयकिशन शर्मा, रोहित चौधरी, रविन्द्र धामा, ओमदत्त शर्मा, पुनीत शर्मा, मनीष शर्मा, दीपक शर्मा, देव सिरोही, अजीत यादव, अरविंद शर्मा, प्रवीण शर्मा, चंद्रमोहन दहिया, हर्ष शर्मा, चेतन चंदेला, अश्वनी कौशिक, बिट्टू शर्मा, सन्नी गुप्ता, सनी शर्मा, राजीव शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, पुष्पेंद्र कुमार और देवेश कौशिक सहित सर्व समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

## ओवरलोड सामान से भरा रिक्शा पलटा, स्कूल से लौट रहे दो बच्चे घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के व्यस्त मेन बाजार में बिजली घर के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जरूरत से ज्यादा सामान से लदा एक रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। उसी समय अपनी मां के साथ स्कूल से घर लौट रहे दो स्कूली बच्चे उसकी चपेट में आ गए। बच्चों को मामूली खरोंच आई, जबकि मां ने तुरंत संभालकर उन्हें सुरक्षित किया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रिक्शा पर क्षमता से अधिक बोझ लदा हुआ था। मेन बाजार की संकरी सड़क, भीड़भाड़ और असंतुलित वजन के कारण चालक संतुलन नहीं बना सका और रिक्शा एक ओर पलट गया। घटना के बाद कुछ देर के लिए बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के दुकानदार और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे और बच्चों को सुरक्षित स्थान पर बैठाया। मौके पर मौजूद लोगों का कहना था कि यदि बच्चे थोड़े और पास होते तो गंभीर चोट लग सकती थी। बच्चों की मां ने घबराहट के बीच संयम दिखाते हुए उन्हें संभाला। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बच्चों को प्राथमिक उपचार दिया गया और वे पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों में रोष देखा गया। लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में ओवरलोड रिक्शा और ठेले अक्सर गुजरते हैं, जिन पर कोई प्रभावी निगरानी नहीं है। स्कूल की छुट्टी के समय भीड़ अधिक होने से ऐसे वाहन और भी खतरनाक साबित हो सकते हैं। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मेन बाजार जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में ओवरलोड वाहनों के




खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए, नियमित जांच हो और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही से किसी बड़े हादसे की नौबत न आए।


**सूचना**

मेरे बैंक खाते में मेरा नाम मीनांक्षी अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड व पेनकार्ड में मेरा नाम मनीषा देवी दर्ज है जोकि सही है। मेरे बैंक खातें मेरा सही मनीषा देवी दर्ज किया जाए।
मनीषा देवी पत्नी श्री रोहताश सिंह निवासी ग्राम सिरसली तहसील बडौत जिला बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र शाहिद से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
अय्यूब पुत्र मुराद अली निवासी मौहल्ला देशराज कस्बा व थाना बागपत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र नबील व पुत्रवधू फत्तो व नफीस पत्नि सलीम से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
यासीन पुत्र इसबदीन निवासी ग्राम इदरीशपुर थाना बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण मेरी पुत्री का नाम गौरी (GAURI) दर्ज हो गया है जोकि गलत है। जबकि मेरी पुत्री का सही नाम गोरी शर्मा (GORI SHARMA) है। मेरी पुत्री के जन्मप्रमाण पत्र मे सही नाम गोरी शर्मा (GORI SHARMA) दर्ज करके द्वितीय प्रतिलिपि मुझे जारी किया जाए।
अमित कुमार पुत्र रामधन शर्मा निवासी ग्राम काकोर कला तहसील बडौत जिला बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र उस्मान व उसकी पत्नि साहिबा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
इस्लाम पुत्र अक्तर निवासी ग्राम राजपुर खामपुर थाना बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सुनील से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
जगत सिंह पुत्र बलवंत निवासी पट्टी मलवाना ग्राम लुहारी थाना व तहसील बडौत जनपद बागपत।

**विज्ञापन**

जनता वैदिक कॉलिज, बडौत (बागपत) से जिन विद्यार्थियों ने फाइनल परीक्षा वर्ष 2025 के अन्त तक उत्तीर्ण कर ली है, वे प्राभूति शुल्क दिनांक 05.06.2026 तक फार्म भरकर महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त कर लें।

( डॉ.वीरेन्द्र प्रताप सिंह )
प्राचार्य

(वीरेन्द्रपाल सिंह)
अध्यक्ष, प्रबंध समिति

# जेल से रिहा हुए गिरफ्तार कश्यप समाज के लोग

## गिरफ्तारी के विरोध में धरने पर बैठी थी कैराना सांसद इकरा हसन, जेल के बहार फूलमाला से स्वागत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जसाला हत्याकांड प्रकरण में सांसद इकरा हसन के समर्थकों को बुधवार को जिला कारागार से रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद जेल के बाहर समा. जवादी पार्टी कार्यकर्ताओं एवं कश्यप समाज के लोगों ने सभी का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।

गौरतलब है कि डीआईजी अभिषेक सिंह एवं सांसद इकरा हसन से जुड़े प्रकरण में विगत दिवस पूर्व राज्यमंत्री मांगेराम कश्यप समेत लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गिरफ्तारी के विरोध में सांसद इकरा हसन के नेतृत्व में थाना सदर बाजार पर धरना-प्रदर्शन किया गया था। धरने के दौरान देर रात नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह द्वारा वार्ता कर सभी गिरफ्तार लोगों को बुधवार सुबह रिहा किए जाने का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया था। बुधवार को लगभग दोपहर 12 बजे मांगेराम कश्यप समेत सभी गिरफ्तार लोगों को जिला कारागार से रिहा कर दिया गया। जेल से बाहर आते ही समा. जवादी पार्टी कार्यकर्ताओं एवं कश्यप समाज के लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान के पुत्र मोनिश रजा ने कहा कि पीडित परिवार को न्याय दिलाया जायेगा और किसी भी अन्याय का हर स्तर पर विरोध किया जायेगा। वह पूरी तरह पीडित परिवार के साथ खडे है।

इस दौरान साजिद चौधरी, मौ. हस्सान, हस्सान, पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा, वसीम चौधरी, हसन चौधरी, सलीम, जमाल साबरी, फैसल सलमानी, रोहित कश्यप, रवि कश्यप, राहुल कश्यप, अर्जुन कश्यप, हेमंत कश्यप, हरपाल कश्यप आदि लोग मौजूद है।

# कार्यकर्ताओं की सक्रियता दिलायेगी जीतः राजीव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** नगर विधायक रांजीव गुंबर ने कहा कि भाजपा का संगठन देश का सबसे अनुशासित एवं मजबूत संगठन है, और शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही चुनावों में पार्टी की विजय सुनिश्चित करती है।

नगर विधायक राजीव गुंबर दिल्ली रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित भाजपा महानगर द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से शक्ति केंद्र संयोजकों एवं बूथ अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, नगर विधायक राजीव गुंबर ने सभी नवनियुक्त मंडल प्रभारियों को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत बूथ संगठन है। महापौर अजय कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ कार्य कर रही है। पूर्व महापौर संजीव वालिया ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर संगठनात्मक गति. विधियों को नियमित रूप से संचालित किया जाए। पूर्व विधायक जगपाल सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा, संगठन और समर्पण की भावना के साथ कार्य करता है। बैठक ने सभी महानगर पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष गोपाल मेहंदीरत्ता हनी वर्मा मनोज तायल विजय वर्मा,शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष महानगर मीडिया प्रभारी विजय गुप्ता, महामंत्री ललित कटारिया, महानगर मंत्री राजेश जौहरी, आरती शर्मा, बबीता सैनी नीरज ठकराल, कोषाध्यक्ष मानवेंद्र भारद्वाज उपाध्यक्ष नीलू राणा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक संचालन महानगर महामंत्री सरदार सूपनीत द्वारा किया गया।

## तालाब में मरी हजारों मछलियां

**चिलकाना।** ग्राम मलकपुर के एक तालाब में संदिग्ध परिस्थितियों में हजारों की संख्या में मछलियां मर गई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मछलियों के मरने की जांच कर रही है।

सहारनपुर निवासी मोहम्मद गौरी एडवोकेट ने गांव मलकपुर में जमीन खरीद कर मछली पालन के लिए तालाब का निर्माण कराया है। विगत मंगलवार को किसी ने सूचना दी कि उसके तालाब में हजारों की संख्या में मछलियां मर गई है। मछलियां मरने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मछलियों के अचानक मरने की जांच की।

# आचार्यो ने कराया अभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** नगर में विराजमान जैनाचार्य आचार्य श्री 108 भारत भूषण जी महाराज का आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर महाराज से मंगल मिलन हुआ। दोनों आचार्यो के द्वारा भगवान का अभिषेक और शान्ति धारा कराई गई।

जैन मुनि आचार्य श्री 108 भारत भूषण जी महाराज ने कहा कि आपके नगर में कोई भी दिगम्बर संत आये तो आपका कर्त्व्य है की उनका सम्मान करें। उनका विहार कराएं, उनकी आहारचर्चा कराएं। साधु की संगति उत्तम पुण्य से प्राप्त होती हैं। आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि पंचपरमेठी की आराधना करनी चाहिए। प्रभु की आराधना करने वाले के संकट अपने आप ही टल जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमे किसी के अंदर नही झांकना है हमे अपने अंदर ही झांकना है। रास्ते में कई जगह आरती की गई। विहार में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन, महामंत्री निपुण जैन, मंत्री अभिषेक जैन, शषांक जैन, आर्जव जैन, प्रशांत जैन, अनमोल जैन, शुभम जैन, अनुराग जैन, नीरज जैन, अभिषेक जैन, वीरेश जैन, ललित जैन आदि लोग मौजूद रहे।

# गैराज पर तालाबंदी, नगर में चरमराई सफाई व्यवस्था





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सफाई कर्मचारियों और सुपरवाइजरों की हड़ताल के चलते शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड यूनियन के जिला अध्यक्ष राहुल वाल्मीकि के नेतृत्व में पां. चवे दिन भी गैराज पर तालाबंदी की गई। वहीं नगर निगम की सफाई व्यवस्था के निजीकरण के विरोध में अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के तत्वावधान में चल रहा विशाल धरना-प्रदर्शन जारी रहा।

धरना स्थल पर भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के राष्ट्रीय संचालक वीरोतम अजय बिरला अपने सहयोगियों केंद्रीय सदस्य वीर श्रेष्ठ प्रवीण सोदाई, प्रदेश अध्यक्ष गौरव पुहाल, मंडल अध्यक्ष वीर आनंद बिरला, जिला अध्यक्ष गौरव चौहान सहित अनेक साथियों के साथ पहुंचे और आंदोलन को समर्थन दिया। अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड यूनियन के जिला अध्यक्ष राहुल वाल्मीकि के नेतृत्व में पांचवे दिन भी गैराज पर तालाबंदी की गई। इस दौरान वाल्मीकि सभा के जिलाध्यक्ष विनोद घावरी, वरदान घावरी, भारत राज, सुजीत कुमार, अरुण आदिवाल, रवि, अजय सुप. रवाइजर, राजीव सुपरवाइजर आदि मौजूद रहे।

तीन दिनों से जारी हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो चुकी है। भीषण गर्मी के बीच बाजारों, मोहल्लों और मुख्य मार्गों पर कूड़े के ढेर लगे हुए है।

# पेंशनर्स का दूरभाष केन्द्र पर प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कमेटी ऑफ बीएसएनएल एमटीएनएल पेंशनर्स एसोसिएशन के आहवान पर आज पेंशनर्स ने दूरभाष केंद्र पर धरना प्रदर्शन किया।

मिशन कम्पाउंड स्थित दूरभाष केंद्र पर एआईबीडीपीए व एआईबीएसएनएलपीडब्लूए के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। उनका कहना था कि पेंशनर्स ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष दूरसंचार सेवाओं के विकास में समर्पित किये है इसलिये उनके साथ किसी प्रकार की उपेक्षा व भेदभाव स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं संबंधित मंत्रालयों से संवे. दनशीलता दिखाते हुए पेंशनर्स की मांगों पर तत्काल सकारात्मक निर्णय लेना चाहिये।

# पूर्व एमएलसी की कुर्क सम्पत्तियों में से आम बहार की नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** तहसील बेहट परिसर में आज पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की कुर्क की गई संपत्तियों की बाग बाहर (आम की फसल) नीलामी को लेकर भारी हलचल देखने को मिली। प्रशासन की मौजूदगी में हुई नीलामी प्रक्रिया में कई संपत्तियों पर लाखों रुपये की बोली लगी।

बताया जा रहा है कि शाहपुर गाड़ा रकबे की बाग बाहर नीलामी में अब्दुल जब्बार ने सबसे ऊंची बोली लगाते हुए 4 लाख 35 हजार रुपये में ठेका अपने नाम कराया। वहीं शाहपुर गाड़ा की ही कुर्क नई संपत्ति की नीलामी भी अब्दुल जब्बार के नाम 22 लाख 15 हजार रुपये में छोड़ी गई। इसके अलावा अलीअकबरपुर रकबे की संपत्ति की सबसे बड़ी बोली 40 लाख रुपये रही, जिसे आनंद चौहान ने अपने नाम किया। यह नीलामी पूरे दिन चर्चा का केंद्र बनी रही। मिर्जापुर पोल रकबे की संपत्ति 13 लाख रुपये में सोनू के नाम गई, जबकि रोशनपुर पेलो की बाग बाहर नीलामी 27 हजार रुपये में जनेश्वर के नाम छोड़ी गई। अन्य कई संपत्तियों की भी नीलामी प्रक्रिया पूरी की गई। नीलामी के दौरान तहसील प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया! मौके पर नायब तहसीलदार, कानूनगो, कई लेखपाल सहित प्रशासनिक टीम मौजूद रही।

# तकमील ए हिफ्ज ए कुरआन पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुंवारका।** जामिया इस्लामिया फैजुस्सत्तार नाफिउल उलूम में तकमील ए हिफ्ज ए कुरआन के मौके पर एक शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की सरपरस्ती हजरत हाजी कारी मोहम्मद इरशाद ने फरमाई, जबकि सदर के फराइज कारी मोहम्मद सालिम साहब काशिफी ने अंजाम दिए। जलसे की शुरुआत मोहम्मद फरहान सहारनपुरी की तिलावत-ए-कुरआन से हुई, जबकि मौलाना मोहम्मद फरजान कासमी ने नात-ए-पाक पेश की। मुख्य वक्ता हजरत मौलाना मोहम्मद इरशाद साहब उकाबी ने अपने खिताब में कुरआन की फजीलत, उसकी अहमियत और हुफ्फाज-ए-किराम के बुलंद मकाम पर रोशनी डाली। इसी दौरान हाफिज मोहम्मद अयाज पुत्र हाजी हाफिज मोहम्मद रियाज की तकमील ए हिफ्ज कराई गई और दस्तारबंदी की रस्म अदा की गई। हाफिज मोहम्मद अयाज ने कुरआन की तालीम कारी अब्दुल मन्नान मजा. हिरी की निगरानी और तरबियत में हासिल की। अंत में मौलाना मोहम्मद हुसैन मजाहिरी ने तमाम मेहमानों और शिरकत करने वालों का शुक्रिया अदा किया। हजरत कारी मोहम्मद इरशाद की दुआ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## शोरूम में चोरी की बडी वारदात

**गंगोह।** लखनोती रोड स्थित शिवम एंटरप्राइजेज इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम में चोरी ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए।

मोहल्ला मोहम्मद गौरी निवासी पीड़ित शमीम पुत्र कल्लन ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि अज्ञात चोरों ने मंगलवार रात्रि में किसी समय लखनोती रोड स्थित शिवम एंटरप्राइजेज इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम में सेंध लगाकर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित के अनुसार चोर दुकान का शटर/गेट तोड़कर अंदर घुसे और वहां रखी लिथियम बैटरी वाली एक स्कूटी, जिसकी कीमत करीब 27 हजार रुपये बताई गई।

# आरटीई की व्यवस्थाओं का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आरटीई छात्रों के साथ कथित भेदभाव को लेकर आपके अपने शाह टाइम्स पत्र के द्वारा प्रकाशित समाचार का शिक्षा विभाग ने संज्ञान लिया है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी कु. कोमल के निर्दिष्ट अनुसार मंगलवार को नगरीय खंड शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा के नेतृत्व में इंदिरा चौक क्षेत्र के कई निजी विद्यालयों में जांच-पड़ताल की गई तथा आरटीई से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अध्ययनरत किसी भी छात्र के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न किया जाए। वहीं नगरीय खंड शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा ने ऐसे विद्यालयों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यदि भविष्य में आरटीई छात्रों के उत्पीड़न अथवा भेदभाव की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

स्थानीय अभिभावकों ने विभागीय कार्रवाई पर संतोष जताते हुए निष्पक्ष निगरानी जारी रखने की मांग की है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत राणा का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजीत राणा का बेहट विधान सभा के गांव साढ़ोली भूढ में जिला पंचायत सदस्य चौधरी रामकिशन उर्फ रामू द्वारा द्वारा उनका भव्य, ऐतिहा. सिक और जोरदार अभिनन्दन स्वागत किया गया।

बुधवार स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह राणा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही मे बेहट विधान सभा क्षेत्र से पार्टी का विधायक बनाने के साथ साथ जनपद की सातों विधान सभा में बनाने का काम करूंगा। जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास कार्य हो रहे है उन्होंने अपने कोटे से जिले में 450 करोड़ रु के विकास कार्य करा दिए है।

कार्यक्रम को नकूड विधायक मुकेश चौधरी पूर्व विधायक नरेश सैनी वरिष्ठ भाजपा नेता अभय राणा, साहब सिंह पुंडीर डीसीडीएफ के चेयरमेन सुनेंद्र राणा, प्रियमवदा राणा आदि नेताओं ने भी संबोधित किया।

सोहन सिंह मुखिया, प्रधान प्रदीप गुप्ता बॉबी मुकेश चौहान कर्णवाल राज. ेंद्र बिजेंद्र सैनी, अजय सैनी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।अन्त में कार्यक्रम संयोजक चौधरी रामू कार्यकर्ताओं के उत्साह और समर्पण की सराहना और धन्यवाद करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसका श्रेय समर्पित कार्यकर्ताओं कोअधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

# विद्युत विभाग के खिलाफ व्यापारी हुए मुखर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल का एक प्रति. निधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा के नेतृत्व मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचा और विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदेश के मुख्यमंत्री सम्बोधित मंडलायुक्त दिया।

आज व्यापार मंडल से जुडे व्यापारी प्रदेश कार्यालय पर एकत्रित हुये और वहां से दिल्ली रोड़ स्थित मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचा। उन्होंने विद्युत विभाग खिलाफ ज्ञापन मंडलायुक्त को सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा ने बताया की इशरत राइस मिल गोटे शाह सहारनपुर पर दो नाग ट्रांसफार्मर सड़क पर रखे हुए हैं। इसके संबंध में उन्होंने मंडल आयुक्त को कई माह पूर्व पत्र प्रेषित कर उक्त ट्रांसफार्मर को स्थानांतरित करने का निवेदन किया था जिस पर मंडल आयुक्त ने जांच आख्या तलब की थी परंतु आज तक भी उक्त दोनों ट्रांसफार्मर वहीं रखे हुए हैं जिससे दुर्घटना का भय बना हुआ है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री द्वारा झटपट योजना विद्युत कनेक्शन शीघ्र देने के संबंध में लागू की गई थी जिसका की विद्युत विभाग द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है और बिना दलालों के या कमीशन दिए कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। इन दोनों मुद्दों से आमजन व व्यापारी बहुत त्रस्त है। इसलिए पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के साथ बहुत से व्यापारियों ने आज मंडलायुक्त को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव अनुज कुमार गुप्ता, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारती भानु एडवोकेट, प्रदेश सचिव विनय जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष रवि कुमार, जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर, नगर अध्यक्ष सनी विजय मल्होत्रा,नगर महासचिव रोहित अग्रवाल, सुशील कांबोज, विजेंद्र गुप्ता, अजमत अली आदि सभी पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## तीन महिला समेत पांच शांति भंग में गिरफ्तार

सहारनपुर। महिला थाना पुलिस ने शांति भंग के आरोप में तीन महिलाओं समेत पांच आरो. पियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

महिला थाना पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक कुसुम भाटी राणा व उपनिरीक्षक महिपाल सिंह के नेतृत्व में महिला थाने में काउंसिलिंग के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में तीन महिलाओं समेत पांच आरो. पियों प्रथम पक्ष के रेखा पत्नी पूरन सिंह, पूरन सिंह पुत्र रामप्रसाद तथा दूसरे पक्ष के रीना पत्नी मदन निवासी अमोली थाना देवबंद, रबीन पुत्र जग्गा निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना कोतवाली देहात व विशाल पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम ढलावली थाना गंगोह को गिरफ्तार कर लिया।

# कस्बा छुटमलपुर में सघन चैकिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** बुधवार को कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने और सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए फतेहपुर के थाना प्रभारी, इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह राणा ने खुद कमान संभाली। वे भारी पुलिस बल के साथ सड़कों पर उतरे और पूरे दल-बल के साथ क्षेत्र में गश्त की।

इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छुटमलपुर कस्बे के मुख्य चौराहों, व्यस्त बाजारों, बैंकों के आस-पास और अन्य संवेदनशील इलाकों में चप्पे-चप्पे पर कड़ा चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दोपहिया और चार पहिया वाहनों की सघन तलाशी ली गई। बिना नंबर प्लेट, काली फिल्म और तीन सवारी वाले वाहनों के खिलाफ मौके पर ही सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस की इस अचानक हुई घेराबंदी से क्षेत्र के असामाजिक तत्वों और वारंटियों में हड़कंप मच गया।

चेकिंग अभियान के दौरान मीडिया और स्थानीय लोगों से बात करते हुए इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह राणा ने दो टूक शब्दों में अपराधियों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून का राज कायम रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी हाल में अपराधियों और माहौल खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अगर किसी ने भी कानून हाथ में लेने की कोशिश की, तो उसके खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई होगी जो नजीर बनेगी।ß

केवल वाहनों की चेकिंग ही नहीं, बल्कि इंस्पेक्टर राणा ने पुलिस टीम के साथ मुख्य बाजारों में पैदल मार्च (फ्लैग मार्च) भी किया। उन्होंने स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों और राहग. ीरों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया। उन्होंने जनता से अपील की कि यदि क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें; सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा।

सड़कों पर खुद थाना प्रभारी को इस तरह एक्टिव देखकर स्थानीय निवासियों और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने राहत की सांस ली है। लोगों का कहना है कि पुलिस की इस सक्रियता से न केवल चोरी और छिनैती जैसी घटनाओं पर रोक लगेगी, बल्कि महिलाओं और छात्राओं में भी सुरक्षा का भाव बढ़ेगा।

